दिन – सोमवार दिनांक– 19 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

विदेश सचिव विक्रम मिसरी आज विदेश मामलों के संसद की स्थायी समिति के सामने ऑपरेशन सिंदूर और भारत–पाकिस्तान के बीच हाल के तनावपूर्ण माहौल की विस्तृत जानकारी रखेंगे। संसदीय समिति का नेतृत्व कांग्रेस सांसद शशि थरूर करेंगे। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक के दौरान विदेश सचिव इस्लामाबाद के साथ राजनयिक संबंधों की मौजूदा स्थिति, सीमा पार से मिल रही सुरक्षा चुनौतियां और हालिया संघर्ष से क्षेत्रिय स्थिरता पर पड़ रहे व्यापक प्रभाव को लेकर पूरी जानकारी संसदीय समिति के साथ साझा करेंगे। विदेश सचिव यह भी बतायेंगे कि बदलते सुरक्षा वातावरण में भारत किस तरह अपनी विदेश नीति की प्राथमिकताओं को पुनर्निर्धारित कर रहा है।

————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने हाई कोर्ट के सेवानिवृत जजों के लिए वन रैंक वन पेंशन व्यवस्था लागू करने के आदेश दिए है। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी.आर गवई की खंडपीठ ने आज इस मामले की सुनवाई करते हुए यह ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। खंडपीठ ने अपने फैसले में कहा कि केन्द्र सभी न्यायाधीशों के लिए वन रैंक वन पेंशन के सिद्धांत का पालन करेगा चाहे वह किसी भी उच्च न्यायालय में कार्यरत हो।

————————————————————————

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया जाएगा। नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में श्री सिंह ने कहा कि उनतीस मई से देशभर के सात चौ तैईस जिलों में यह अभियान चलाया जाएगा। बारह जून तक चलने वाले अभियान के तहत लगभग डेढ़ करोड़ किसानों को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। श्री चौहान ने बताया कि अभियान का उद्देश्य किसानों को कृषि संबंधी उन्नत तकनीकों और बीजों के बारे में जानकारी उपलब्ध

कराना है। उन्होंने कहा कि कृषि वैज्ञानिकों का एक दल लगभग पैंसठ हजार गांव में जाएगा और किसानों को वैज्ञानिक कृषि की व्यावहारिक जानकारी देगा।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के किसानों के कई महत्त्वपूर्ण सौगात दिए है। श्री कुमार ने आज पटना के मीठापुर स्थित कृषि भवन में आयोजित कार्यक्रम में कृषि विभाग के खरीफ महाअभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने अनुमंडल स्तर पर बासठ कृषि भवन का शिलान्यास और आरा कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय की आधारशिला भी रखी। श्री कुमार ने बिहार कृषि मोबाईल एप का लोकार्पण किया। इस एप के माध्यम से किसानों को खेती से जुड़ी सभी सेवाएं और सूचनाएं डिजिटल रूप से सुलभ होंगी। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त तीन सौ पंद्रह प्रखंड उद्यान पदाधिकारियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया।

———————————————————————————

मौसम विभाग ने आज किशनगंज, कटिहार, भागलपुर और बांका समेत राज्य के पूर्वी हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान जताया है। इस दौरान वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है। किशनगंज, कटिहार और पूर्णिया जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का भी पूर्वानुमान है। इधर, हमारे दरभंगा संवाददाता ने बताया है कि जिले के विभिन्न भागों में आज सुबह से ही हल्की बारिश हो रही है।

———————————————————————————

राजस्व एवं भूमि सूधार मंत्री संजय सरावगी ने कहा है कि एक जून से पूरे राज्य में विभागीय कॉल सेंटर शुरू हो जायेगा। श्री सरावगी ने मुंगेर में विभागीस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह घोषणा की। कॉल सेंटर की मदद से राज्य के किसी भी भाग से लोग अपनी शिकायतें साझा कर सकते है।

———————————————————————————

जहानाबाद की जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने समाहरणालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालय से आये टॉपर विद्यार्थियों को सम्मनित किया।

———————————————————————————————

पटना के बेउर थाना क्षेत्र अंतर्गत तेज प्रतापनगर में अपराधियों ने एक उत्सव हॉल के संचालक संजय यादव को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

———————————————————————————————

शिवहर के सब्जी मंडी स्थित तीन किराना दुकान में आगलगी की घटना में लाखों की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

———————————————————————————————

समाप्त